लोक कलाओं में बिखरे होली के रंग

1090 चौराहे पर लोक कलाकारों ने लट्ठमार और फूलों की होली खेली

संत कबीर अकादमी के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां।

■ एनबीटी, लखनऊ : संस्कृति विभाग के संत कबीर अकादमी की ओर से 1090 चौराहे पर शुक्रवार शाम लोक कलाकारों ने फूलों की होली और मयूर नृत्य के साथ लट्ठमार होली और महारास का खूबसूरत प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। अकादमी की ओर से 'कबीरा : लोक कलाओं में होली के रंग' कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संत कबीर अकादमी संत कबीर के दर्शन और शिक्षा को पूरे प्रदेश के जनमानस में प्रसारित करने के कार्य कर रही है। इस बीच विशिष्ट अतिथि संस्कृति के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम और अकादमी के निदेशक आनंद कुमार ने पेंटिंग प्रदर्शनी की भी खूब सराहना की।

श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी...

कार्यक्रम में श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी... भजन पर कलाकारों ने महारास का प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। इसमें फूलों की होली केंद्रीय आकर्षण बनी। उसमें दर्शकों पर भी फूलों की बौछार की गई तो वह भी झूम उठे। कार्यक्रम में मथुरा से आमंत्रित गोविंद शर्मा दल ने लट्ठमार और फूलों की होली के साथ मयूर नृत्य भी किया जबकि मथुरा के महिपाल लाल ने पारंपरिक बम रसिया का जोशीला प्रदर्शन कर उत्सवी माहौल को जीवंत किया। प्रयाग नगरी वासी संगम के तीरे चलो पर प्रयागराज की सोनाली चक्रवर्ती के अवधी लोकनृत्य ने आयोजन का आकर्षण बढ़ाया।

सिया निकले अवधवा के ओर...

कार्यक्रम में दीपिका मिश्रा का अवधी होली गायन के तहत 'सिया निकले अवधवा के ओर' सुनाकर प्रशंसा हासिल की। उन्होंने रघुरैया पर चलो गुइया और सरयू तट पर राम खेले होली सुनाकर शाम को परवान चढ़ाया। नृत्य दल में जितेन्द्र कुमार, आराधना, सुहानी, नीलांशी, नेहा सोनाक्षी शामिल रहीं। ढोलक पर राजकुमार, बांसुरी पर विमल, आक्टोपैड पर रामबाबू, सिंथेसाइजर पर अरविंद वर्मा ने संगत दी। कबीर के भजनों के लिए लोकप्रिय दिल्ली के मंजिल मिस्टिक्स बैंड ने 'आओ हम ढूढ़ लें जीवन के... सातों रंग अपनी मंजिल एक हो' सुनाकर तालियां बटोरीं।

हैप्पी होली

'राधा-कृष्ण' संग खेली फूलों की होली

रंगभरी एकादशी पर संतों की होली से होलिकोत्सव शुरू | संत समाज ने अपने गुरुजनों को अर्पित किया प्रथम गुलाल

■ एनबीटी, लखनऊ : फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर शुक्रवार को काशी की तरह शहर में भी रंगभरी एकादशी मनाई गई। इस मौके पर संत समाज ने अपने आराध्य गुरुजनों को नमन कर होलिकोत्सव का प्रथम गुलाल अर्पित किया। इसी के साथ शहर में होलिकोत्सव की पारंपरिक शुरुआत हो गई।

चौक में हुए भस्म लिंग के दर्शन : चौक की सब्जी मंडी स्थित उदासीन अखाड़े की संगत में एकादशी के रंगोत्सव में भस्म लिंग का प्रकाश किया गया। वहां के श्रीमहंत धर्मेंद्र दास ने हरिद्वार और रामेश्वरम समेत अन्य तीर्थ स्थलों की संत मंडली की मौजूदगी में पांच कुंतल फूलों और एक कुंतल हर्बल गुलाल से होली खेली। श्रीमहंत महेश्वर दास महाराज की अगुवाई वाले इस दल में महंत दुर्गादास महाराज और महंत अद्वैतानंद महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। उनके द्वारा लाए गए पवित्र भस्म लिंग के भक्तों ने दर्शन किए। साल 1996 के लम्बे अंतराल के बाद भस्म लिंग का पूजन आश्रम परिसर में किया गया है।

महंत देव्यागिरि ने अर्पित किए रंग

डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत देव्यागिरि ने मठ मंदिर के पूर्व महंत रामगिरी, महंत बालक गिरि, महंत त्रिगुणानंद गिरि, महंत बजरंग गिरि, महंत केशव गिरि महाराज की प्रतिमाओं पर रंग अर्पित किए। साल 2009 से मठ मंदिर की गद्दी पर विराजमान महंत देव्यागिरि को उनके भक्तों ने गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद हासिल किया। इस मौके पर मंदिर परिसर में प्रदीप नटराजन ग्रुप की ओर से हिमांशु ने भगवान कृष्ण और नंदनी ने राधा के रूप में फूलों की होली का मनोरम दृश्य पेश किया। इस बीच मिश्रा परिवार ने लड्डू गोपाल के साथ रंगभरी एकादशी मनाई।

होली खेलें गिरिजापति नंदन...

■ एनबीटी, गोमतीनगर : उत्तराखंडी समाज का खड़ी होली गायन का कार्यक्रम शुक्रवार को गोमतीनगर के पर्वतीय महापरिषद भवन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में खड़ी एवं बैठकी होली का गायन पुरुषों और महिलाओं द्वारा किया गया। मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक केएन चंदोला, अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी, महासचिव महेन्द्र सिंह रावत की मौजूदगी में 'सिद्धि के दाता विघ्न विनाशक, होली खेलें गिरिजापति नंदन' से गायन प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में शिव के मन माहि बसे काशी, नदी यमुना के तीर कदम्ब चढ़ि समेत अनेक होली गीत गाए गए। इस मौके पर प्रो आरती पन्त, एनके उपाध्याय, रमेश चन्द्र पाण्डेय, पीसी पन्त, गोपाल दत्त गरवाल, हरीश काण्डपाल, महेन्द्र पन्त, रमेश उपाध्याय, गोविन्द सिंह बोरा, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, शंकर पाण्डेय, केएन पाठक, आनन्द सिंह कपकोटी भी मौजूद रहे।

मेरी जिंदगी श्याम तेरे हवाले...

■ एनबीटी, लखनऊ : श्याम परिवार लखनऊ की ओर से मनाए जा रहे श्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत शुक्रवार को बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्याम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर जयपुर के भजन गायक मुकेश बागड़ा ने 'श्याम को मेलो आयो है' और 'मेरी जिंदगी श्याम तेरे हवाले' जैसे खाटू बाबा के भजन सुनाए तो गायिका मंजू यादव ने 'रात श्याम मोहे सपनो आयो' भजन सुनाया। इस बीच पवन मिश्रा, शिवांगी पाठक, मयंक कश्यप और शुभम गुप्ता ने भी भजन गाए। इस मौके पर श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल समेत बाबा के कई भक्तों ने बाबा के दर्शन किए।

ऑनकॉल उपलब्ध रहेंगे डॉक्टर

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग ने होली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी अस्पतालों में जरूरी दवाएं, इमरजेंसी सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता के निर्देश जारी किए हैं। इस बाबत सभी सीएमओ को पत्र जारी कर दिया गया है। पाठक ने निर्देश दिए हैं कि होली पर सभी स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट मोड पर रहें। होली पर सड़क दुर्घटनाएं होने की अधिक आशंका रहती है। इमरजेंसी में इसके लिए बेड आरक्षित किए जाएं। खासतौर पर नेत्र व त्वचा रोग विशेषज्ञ ऑनकॉल उपलब्ध रहें। सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

छात्र-छात्राओं में चढ़ा होली का सुरूर

■ एनबीटी, मोहनलालगंज : कनकहा स्थित सरदार पटेल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर संस्था की सचिव डॉ. स्नेह लता सिंह ने कहा कि हमें स्वच्छता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फूलों वाली हर्बल होली खेलने की शुरुआत की है। इस बीच उपाध्यक्ष श्लोक सिंह नेगी ने फूलों वाली होली खेली।

दिव्यांग बच्चों ने खेली होली

■ एनबीटी, लखनऊ : निराला नगर स्थित परवरिश स्कूल में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों ने होलिकोत्सव मनाया। इस मौके पर बच्चों ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशिक चैतन्य गुरु द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल की डायरेक्टर डॉ. कुसुम कमल भी शामिल रहीं।

नन्हे-मुन्नों ने मनाया उत्सव

■ एनबीटी, लखनऊ : जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्राइमरी से कक्षा दो के नन्हे-मुन्नों के साथ होली उत्सव मनाया गया। इस बीच होली गीतों ने नन्हे-मुन्नों ने जमकर मस्ती की और साथ मिलकर फूलों की होली खेली।

दादी-नानी की गुझिया से बाहुबली गुझिया तक

होली पर मीठा मतलब गुझिया होता है। दादी-नानी की अंगुलियों से गूंथ कर बनाई गई पारंपरिक घरेलू गुझिया आज बड़ा बाजार बन गई है। आम घरों में मैदा की पूड़ी में भुना खोवा, बूरा और मेवे को भरकर गुझिया तल कर बनाई जाती है। वक्त के साथ बाजार में खोवा भरे पगे

समोसे से लेकर डेढ़ किलो की गुझिया तक मिल रही है। बेबी गुझिया और बेक्ड गुझिया भी विदेशों तक में धूम मचा रही है। साल 2006 में तैयार एग्जॉटिक गुझिया आज पचास हजार रुपए किलो में है। डेढ़ किलो की अकेली एक बाहुबली गुझिया चार हजार रुपए में है। साथ ही केसर बादाम गुझिया, सिरपी गुझिया, सिंगल बाइट बेबी गुझिया, प्रीमियम चिलगोजा गुझिया, बेक्ड गुझिया, बेक्ड हनी गुझिया, काजू गुझिया, काजू केसर गुझिया, बादाम गुझिया, बादाम ऑरेंज गुझिया, पिस्ता गुझिया भी शामिल हैं।

(छप्पन भोग के प्रमुख रविन्द्र गुप्ता के अनुसार)

घर पर बनाएं, खिलाएं कांजी-वड़ा

इस बार होली में पापड़-गुझिया के साथ गाजर या मूंग बड़े की चटपटी कांजी भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए काली या लाल गाजर को अंगुली के बराबर टुकड़ों में काटकर उबाल लेते हैं। फिर उन टुकड़ों को पानी भरे मर्तबान में स्वाद के अनुसार नमक मिर्च और सरसों के पिसे दानों के साथ डाल देते हैं। तीन से चार दिन धूप में रखने से यह खट्टी और चटपटी हो जाती है। वहीं धुली मूंग की दाल को दो घंटे पानी में भिगोकर, छानकर पीस लिया जाता है।

इसमें चुटकी भर हींग डालकर छोटे आकार के बड़े तल लिए जाते हैं। दूसरी ओर मर्तबान में राई या सरसों के दानों को पीस कर पानी, मिर्च, हींग और नमक को स्वाद के अनुसार डालकर तीन-चार दिन धूप में रख देते हैं।

(राजाजीपुरम की सावित्री निगम के अनुसार)

हमें बताएं कैसे खास बनाएंगे होली

होली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कोई घर सजा रहा है तो कोई वीकेंड साथ जोड़कर इस बार कहीं बाहर फैमिली होली प्लान कर रहा है। कुछ ऐसे भी हैं जो गरीब और जरूरतमंदों के त्योहार में रंग भरने के लिए उनकी मदद की तैयारी कर रहे हैं? आप इस बार होली क्या खास कर रहे हैं, कैसे त्योहार मना रहे हैं हमें बताएं। हम आपकी बात अखबार में प्रकाशित करेंगे। अपनी बात हमें 100 शब्दों में नाम, पता, मोबाइल नंबर और फोटो के साथ भेजें।



वॉट्सऐप +91 87656 56596
ईमेल nbtreader@timesgroup.com
(सब्जेक्ट में लिखें Happy Holi)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बाराबंकी

पत्रांक -3476/मु०का०/2022-23 — दिनांक 03.3.2023

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, नवाबगंज बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया गया था कि शासनादेश संख्या-158/2022/4349/002-E-1672197-84J-22 नगर विकास अनुभाग 9 लखनऊ दिनांक 16 दिसम्बर 2022 के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद बाराबंकी हेतु स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निम्न कार्यों हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 06.03.2023 से दिनांक 27.03.2023 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आनलाइन निविदा डाउनलोड/अपलोड की जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 27.03.2023 को अपरान्ह 03.00 बजे से आनलाइन खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आनलाइन निविदा के साथ वैध चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, स्वाघोषणा प्रमाण-पत्र, आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नम्बर, जीएसटी0 पंजीकृत प्रमाण-पत्र की प्रति के साथ-साथ प्रत्येक कार्य की निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि अलग-अलग कार्यवार आरटीजीएस0/नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बाराबंकी के IDBI BANK, BARABANKI के ई-टेण्डरिंग खाता सं0-0315104000102247 IFSC Code IBKL0000315 में जमा किया जायेगा। निविदाओं में किसी प्रकार की त्रुटि एवं अपूर्ण पाये जाने पर तत्काल बिना कारण बताये निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य शर्तें/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका के अभियन्त्रण विभाग से की जा सकती है। शासनादेश के अनुरूप जीएसटी0 सहित समस्त कर अनुमन्य होंगे। शासनादेश सं0-79/78-2-2018-42आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 के अनुरूप ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खोले जाने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा पंजीकरण निरस्त करते हुए फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	व्ययानुमान	धरोहर धनराशि 2%	टेण्डर शुल्क+18% जी.एस.टी. +शासनादेश के अनुपालन में टेण्डर मूल्य	कार्यावधि
1.	विस्तारित क्षेत्र के ग्राम जगनेहटा आबादी की मुख्य गली में नाली व इण्टर लाकिंग टाइल्स का कार्य।	2524081.00	51000.00	2524+454+252+45=3275	3 माह
2.	विस्तारित क्षेत्र के ग्राम मंझलेपुर में नाली व इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य।	1697585.00	34000.00	1697+305+250+45=2297	2 माह
3.	विस्तारित क्षेत्र में स्थित अटल बिहारी बाजपेयी पार्क महर्षि नगर की बाउण्ड्रीवाल व पाथवे का निर्माण कार्य।	1075632.00	22000.00	1076+194+250+45=1565	2 माह
4.	वार्ड आलापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय सफीपुर के कायाकल्प का कार्य।	920910.00	18500.00	921+166+250+45=1382	2 माह
5.	वार्ड आनन्द विहार में स्थित प्राथमिक विद्यालय रफीनगर के कायाकल्प का कार्य।	1355610.00	27500.00	1356+244+250+45=1895	2 माह

-: शर्तें :-

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली-भाँति परिचित हो लें।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कर शीघ्र-अतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. उ0प्र0 भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का 1 प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
6. शासनादेश सं0-622/23-12-2012-2आडिट/08टीओसी0 दिनांक 08.06.2012 के निहित निर्देशानुसार कार्यों की विभागीय दरों से ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक कम दर डालने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर के अनुरूप परफार्मेंशन गारण्टी ली जायेगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली-2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. शासनादेश संख्या-158/2022/4349/002-E-1672197-84J-22 नगर विकास अनुभाग 9 लखनऊ दिनांक 16 दिसम्बर 2022 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
9. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण/विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बाराबंकी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रशासक
बाराबंकी।

देवा में हिंदू-मुस्लिम साथ खेलते हैं होली

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने शुरू की थी परंपरा, 118 साल बाद भी रवायत कायम

■ चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी

लखनऊ से महज 30 किमी दूरी के कस्बा देवा में हिंदू-मुस्लिम साथ मिलकर होली खेलते हैं। फाग जुलूस निकालते हैं। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने इसकी शुरुआत की थी, उनके निधन के 118 साल बाद भी यह रवायत कायम है। यहां पर गठित वारसी होली सेवा समिति के अध्यक्ष शहजादे आलम वारसी बताते हैं कि हाजी साहब के मानने वालों में जितने मुस्लिम समुदाय के लोग थे, उतने ही हिंदू सम्प्रदाय के लोग भी थे। तब उनसे लोग मिलने के लिए प्रतिदिन जाते हो थे. ऐसे में होली के दिन भी लोग मिलने जाते और उनको गुलाल लगाकर उनके साथ फाग खेलते। उसी परंपरा को यहां पर जिंदा रखने की कोशिश करते हैं।

देवा के लोग साथ में होली खेलने के दौरान निकालते हैं फाग जुलूस

File

सूर्यास्त तक खेलते हैं होली

[illegible] में सूर्यास्त तक रंग खेला जाता है। [illegible] स्टेट के राजकुमार रत्नाकर सिंह बताते हैं कि गरीबी-अमीरी की खाई मिटाने, समानता और सौहार्द बनाए रखने के लिए सुबह से शाम तक रंग खेलने की परंपरा शुरू की गई थी। मोहल्ला लखरौरा की फाग बाबा रामदास के मंदिर से मंडली गाते हुए कस्बे में निकलते हैं। बुजुर्ग चंद्र प्रकाश चौरसिया बताते हैं कि सभी फाग दल बाजार होते हुए अमर सदन राजा की कोठी पर इकट्ठा होते हैं और फाग करते हैं।

होली दहन के साथ करते थे इलाज

हैदरगढ़ तहसील के गुलामाबाद की होलिका को तापने से बीमारी के भागने की मान्यता है। यहां के बुजुर्ग बताते हैं कि कई दशक पहले यहां पर एक फकीर हिमाम सैनी आए और होली दहन की जिम्मेदारी उठाने लगे। वह यहां पर होली तापने आने वाले लोगों का इलाज भी करते थे। वह लोगों को जड़ी-बूटियां भी खाने को देते थे। कई लोग उनके इलाज से ठीक हो गए। हिमाम सैनी की मृत्यु के बाद उनकी समाधि भी इसी स्थान पर बना दी गई। उनके वंशज आज भी इसी स्थान पर रह रहे हैं।

राष्ट्रीय सम्मेलन का ब्रोशर जारी किया

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की ओर 17 और 18 अप्रैल को 'रिसेंट एडवांसेस इन सिविल मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मेलन का ब्रोशर, अधिकारिक लोगो और वेबसाइट (http://racmee.org) का अनावरण किया गया। इस मौके पर संकाय के शिक्षक डॉ. कमलेश तिवारी, डॉ. शैलेंद्र भास्कर, इंजीनियर जेपी सिंह, डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, इंजीनियर जोशान अली भी शामिल रहे।

'अफसोस हम न होंगे' ने दूर किए सारे भ्रम

■ एनबीटी, लखनऊ : मंचकृति समिति की ओर से संगीत नाटक अकादमी में चल रहे 30 दिवसीय हास्य नाट्य समारोह में शुक्रवार को रणवीर सिंह के लिखे नाटक अफसोस हम न होंगे का मंचन संगम बहुगुणा के निर्देशन में किया गया। इस नाटक के जरिए जीवन में भ्रम से दूर रहने का संदेश दिया गया।

नाटक के अनुसार, मदन अपने जीवनसाथी उषा को बहुत चाहता है। उसकी यह चाहत हद से तब गुजर जाती है जब सोचता है कि जब वह नहीं रहेगा तब उषा का क्या होगा? यह मनोविकार उस पर इतना अधिक हावी हो जाता है कि वह तंदुरुस्त होते हुए भी अपने को बीमार समझने लगता है। इंतहा तो तब हो जाती है जब वह अपनी पत्नी उषा का विवाह अपने कॉलेज के दोस्त मोहन के साथ करवाने तक को तैयार हो जाता है। अंत में मदन के सारे भ्रम दूर होते हैं और नाटक का सुखांत हो जाता है। मंच पर अंकुर सक्सेना, भव्या द्विवेदी, अमरेश आनंद, संगम बहुगुणा, निनेश भारद्वाज, प्रिया, सुमित श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला ने अपने अभिनय से दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

कलाकारों ने अपने अभिनय से गुदगुदाया।

Selection of System Integrator for Excise Software of Existing Track and Trace system for Hosting, Maintenance, required modification, adding new facilities, and Operational Support on Turnkey Basis for Department of Excise, Government of Uttar Pradesh

e-Tender Notice

Online e-bids are invited from reputed firms/Companies for Selection of System Integrator for Excise Software of Existing Track and Trace system for Hosting, Maintenance, required modification, adding new facilities, and Operational Support on Turnkey Basis for Department of Excise, Government of Uttar Pradesh up to 15:00 Hours on 19-03-2023. The Pre-Bid meeting is scheduled at 14:00 Hours on 13-03-2023. The complete details are available in RFP document which can be downloaded from the e-Procurement portal http://etender.up.nic.in from 06-03-2023.

The UPED reserves the right to cancel any or all the e-bids/annul the bidding process without assigning any reason. Any amendment(s) to this Notice or RFP in future shall be uploaded and informed on e-Procurement portal only and shall not be published in News Paper(s).

Letter No.: 11653/टास्क फोर्स-122(3)ट्रैक ऐण्ड ट्रेस/आ.एफ.पी./2022 Date: 03.03.2023

Excise Commissioner
Uttar Pradesh.

UPID-186996/03.03.2023 www.upgov.nic.in

Office of The Excise Commissioner U.P. (Camp)
1st Floor, Building No. TC-12V, Vibhuti Khand,
Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh - 226010

फटाफट खबरें

अभिव्यक्ति में विशेष बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

■ एनबीटी, लखनऊ : अलीगंज में शुक्रवार को इनरवील क्लब ऑफ लखनऊ की ओर से हुए 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम में मानसिक और शारीरिक रूप से मंदित बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर डीसी डॉ. दर्श विनय कुमार के अलावा सीसीसीसी अलका बंसल, पीएटी अर्चना अग्रवाल, अध्यक्ष स्मृति अग्रवाल, पीपी रीता सिंह, पीपी मधु भार्गव, सचिव संगीता मित्तल, सरोज अग्रवाल, कविता, अनुराधा, सुधा, रोली मौजूद रहीं।

लेखक डॉ.जीवन सिंह को मिलेगा सम्मान

■ एनबीटी, लखनऊ : साल 2022 का कुंवरपाल सिंह स्मृति सम्मान राजस्थान के लेखक डॉ.जीवन सिंह को दिया जाएगा। केपी सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष नमिता सिंह और जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव प्रो.नलिन रंजन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह सम्मान समारोह 26 मार्च को कैफी आजमी सभागार में दोपहर 3.30 बजे से होगा। कविता की लोक प्रकृति, कविता और कवि कर्म, शब्द और संस्कृति, कविता की अर्थवत्ता, अलीबख्शी ख्यालों का लोकरंग, लोक में राम और जुरहरा की रामलीला, कौलानी की जंग, मुक्तिबोध-एक मनस्वी कवि उनकी लोकप्रिय पुस्तकें हैं।

संस्कृत के प्रचार-प्रसार पर हुई परिचर्चा

■ एनबीटी, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत के प्रचार-प्रसार और विस्तार विषय पर शुक्रवार को इंदिरा भवन में परिचर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. शीलवंत सिंह ने संस्कृत संस्थान की निःशुल्क सिविल सेवा कोचिंग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक इस कोचिंग में पढ़ने वाले 25 छात्रों का प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हुआ है। इस मौके पर संस्थान निदेशक विनय श्रीवास्तव, वक्ता दिनेश कुमार मिश्र, डॉ. रामसुमेर यादव, भूपेंद्र मिश्र, डॉ. रामकुमारी, डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने भी अपने विचार रखे।

कमिटी में सलाहकार बने निर्मल सिंह

■ एनबीटी, लखनऊ : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी अमृतसर के अध्यक्ष जत्थेदार हरजिंदर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में धर्म प्रचार-प्रसार के लिए आलमबाग गुरुद्वारा के अध्यक्ष निर्मल सिंह को कमिटी का सलाहकार नियुक्त किया है। निर्मल सिंह के लखनऊ पहुंचने पर शुक्रवार को आलमबाग गुरुद्वारा में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह, बाबा दीप सिंह सेवा सोसायटी, गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल, सिख यंगमैन असोसिएशन, आजाद लेखक कवि सभा, वीर खालसा दल के पदाधिकारियों समेत रतपाल सिंह, गोल्डी, राजेंद्र सिंह राजू, त्रिलोक सिंह बहल, बृजिन्दर पाल सिंह, हरपाल सिंह गुलाटी, जसबीर सिंह चावला, रविन्द्र सिंह पिंटू, मनप्रीत सिंह वडेरा भी मौजूद रहे।

तैयारी — प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप के प्रोत्साहन को जारी किया है विशेष बजट

एलयू ने स्टार्टअप के लिए मांगे आइडिया

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के इन्क्यूबेशन सेंटर ने स्टार्टअप के लिए आइडिया आमंत्रित किए हैं। इसमें युवा में स्टार्टअप शुरू करने की इच्छा रखने वाले आवेदन कर सकते हैं। सेंटर के निदेशक प्रो. अमृतांशु शुक्ल ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप को मदद मुहैया करवाने और प्रोत्साहन करने के लिए विशेष बजट निर्धारित किया है। ऐसे में स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर से जुड़ने के लिए कंपनी का रजिस्ट्रेशन होना और प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। इसमें विवि से बाहर के लोग भी जुड़ सकते हैं बशर्ते उनकी कंपनी का प्रमुख कार्यालय क्षेत्र उत्तर प्रदेश में हो। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इच्छुक लोग स्टार्टअप के लिए गूगल फॉर्म या ईमेल के जरिए विवि के इन्क्यूबेशन सेंटर तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

पहले सेमेस्टर के प्रैक्टिकल पांच को : एलयू में स्टैटिक्स के एमए/एमएससी के पहले सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा की डेट जारी कर दी गई है। पहले सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 5 मार्च को होगी। एचओडी प्रो. मसूद एम सिद्दीकी ने बताया कि ये परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी।

10 वर्षों के विजन प्लान पर हुआ मंथन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के भौतिक विज्ञान विभाग में शुक्रवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन की मौजूदगी में विवि के सभी विभागों से अगले 10 वर्षों का विजन प्लान तैयार करने को लेकर मंथन किया गया ताकि शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जा सके। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि इसमें नए पाठ्यक्रम के विकास, कौशल विकास के कार्यक्रम, शोध एवं नवाचार बढ़ाने, वैज्ञानिक सामाजिक दायित्व के तहत समाज विशेषकर ग्रामीण परिवेश से जुड़ी समस्याओं में तकनीकी योगदान के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की गई। इस बीच प्रो. ओंकार प्रसाद की अध्यक्षता में एक विभागीय समिति का गठन किया गया है। समिति में प्रो. नीरज मिश्रा, प्रो. एमएम वर्मा, प्रो. अमृतांशु शुक्ल, डॉ. आरबी सिंह व डॉ. अतुल श्रीवास्तव शामिल हैं।

10 स्टूडेंट नकल करते पकड़े गए : एलयू स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी और बीकॉम (ऑनर्स) विषम सेमेस्टर 2022 की परीक्षाओं में शुक्रवार को 84262 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ सहित पांच जिलों में 150 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा को प्रथम पाली में 48377 और द्वितीय में 35885 विद्यार्थी रजिस्टर्ड थे। दोनों पालों में 280 स्टूडेंट्स अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 10 स्टूडेंट नकल करने के आरोप में पकड़े गए।

युवाओं को किया गया सम्मानित : एलयू के जूलॉजी विभाग ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर शुक्रवार को वन्यजीवों की रक्षा का कार्य करने वाले युवाओं में विपुल मौर्य श्रीपर्ण दत्त (संस्थापक, टीएनए इंडिया प्रोग्राम), रवि शर्मा (एक्सप्लोरल फाउंडेशन), अरविंद सिंह (परियोजना समन्वयक, टीएसए) और आदित्य तिवारी (पर्यावरणविद संस्थापक के सम्पादक) को सम्मानित किया गया।